## प्रांतीय गीता गायन प्रतियोगिता में बाल प्रतिभाओं ने मोहा सबका मन

**चिन्मय मिशन में हुआ दिव्य आयोजन**

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय चिन्मय मिशन की प्रेरणादायी परंपरा के अंतर्गत चिन्मय मिशन सतना के अयोजकत्व में प्रांतस्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता एक आध्यात्मिक पर्व के रूप में प्रकट हुई। रविवार को संपन्न इस दिव्य आयोजन में नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के बालक-बालिकाओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के पन्द्रहवें अध्याय के श्लोकों का मधुर ओजस्वी एवं भावपूर्ण गायन कर वातावरण को गीता-मय बना दिया। उनके निष्कलुष कंठों से निःसृत गीता के पदों ने उपस्थित जनसमुदाय के हृदयों को छू लिया,मानो स्वयं योगेश्वर श्रीकृष्ण का उपदेश ध्वनित हो रहा हो। आयोजन की प्रांत संयोजिका श्रीमती आशा नायक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मचारिणी गार्गी चैतन्य एवं पूज्य ब्रह्मचारी वल्लभ चैतन्य के पावन सान्निध्य में गुरुस्तुति एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। सच्चे अर्थों में यह केवल प्रतियोगिता नहीं,बल्कि आत्मा के स्वर की अभिव्यक्ति है। मिशन के सचिव मनमोहन माहेश्वरी ने बताया कि रीवा भोपाल इंदौर एवं सतना शाखा के चयनित बालक बालिकाओं ने भावना पूर्ण प्रस्तुतीकरण किया। उनके बालमन से निकला हर श्लोक ऊर्ध्वमूलमधःशाखम... जैसे अमृत वचन,सुनने वालों के अंतःकरण को स्पर्श कर गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की निष्कपट वाणी में गीता का तत्वज्ञान जब मुखरित हुआ,तो वातावरण भक्तिभाव और आत्मीयता से परिपूर्ण हो उठा। पुरुस्कार वितरण में अतिथि के रूप में समाजसेवी मणिकांत माहेश्वरी इंजी.रमेश जैन सुनील सेनानी विट्स के अलावा उद्घाटन सत्र में समाजसेवी प्रदीप अवस्थी प्रदीप ताम्रकार राकेश तिवारी डॉ मानिकचंद गुप्ता किरण गुप्ता उपस्थित रहे।

### गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, अपितु जीवन जीने की कला है

कार्यक्रम अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि जब बालकों के कोमल मन में गीता के संस्कार अंकुरित होते हैं,तभी भविष्य का भारत दिव्य और बलशाली बनता है। गीता के श्लोक उनके हृदय में दीपक बनकर सद्गुणों का आलोक फैलाएँ यही हमारा प्रयोजन है। निर्णायक मंडल में डॉ मानिकचंद शुक्ला संस्कृत भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे एवं श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव रही। निर्णायक मंडल ने अत्यंत सूक्ष्मता से उच्चारण ताल भावाभिव्यक्ति एवं शुद्धता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। पूरे आयोजन का संचालन मनमोहन महेश्वरी मनीष कटारे ने किया। उनके साथ चिन्मय मिशन के विभाष बनर्जी अर्पिता सोनी अमरनाथ अवस्थी अंशु राय प्रीति नेमा लक्ष्मी नारायण मिश्रा स्मिता सिंह परिहार सुरेंद्र प्रकाश सक्सेना वेणुगोपाल पिल्लई भोपाल श्रीमती आशा गर्ग इंदौर सहित मिशन के समर्पित सदस्यों और शिक्षकगणों ने पूर्ण श्रद्धा व निष्ठा से योगदान दिया। छः वर्गों में विभक्त इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अद्भुत कौशल प्रदर्शित किया। प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को नगद राशि प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ग के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं का चयन राष्ट्रस्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता हेतु हुआ। जिसका आयोजन नवंबर माह में पूना में होगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा गीता के श्लोक केवल शब्द नहीं,जीवन के सूत्र हैं। जो बालक आज गीता गा रहे हैं,वही कल भारत के चरित्रवान नागरिक बनेंगे। राष्ट्र निर्माण की जड़ में गीता का ज्ञान ही वह अमृत है जो पीढ़ियों को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि आत्मोन्नति के साधन हैं। जहां बाल मन गीता के माध्यम से आत्मा की ओर उन्मुख होता है।

## एयरपोर्ट विस्तारः अधिग्रहण और अतिक्रमण हटाने पर भोपाल में मंथन, बड़ा सर्वे होगा

**सतना।** एयरपोर्ट के विस्तार की सरकारी कवायदें जारी हैं,जिसका रनवे अभी 1200 मीटर लंबा है और इसे 1800 मीटर करने की योजना है। इस विस्तार में सबसे बड़ी बाधा सैकड़ों एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है,जिसे रसूखदार लोगों ने कर रखा है। हाल ही में,एयरपोर्ट विस्तार को लेकर भोपाल में एक बैठक संपन्न हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि विस्तार के लिए फिर से एक बड़ा सर्वे किया जाएगा और अतिक्रमणकारियों को जल्द हटाया जाएगा। बैठक में सतना एसडीएम से एक प्रारूप की मांग की गई है,जिसमें यह रिपोर्ट मांगी गई है कि पहले कितना जमीन का अधिग्रहण किया गया था और अब कितना करना है। साल 2013 के प्रतिवेदन के अनुसार,74.30 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण था, जिसमें 49.30 एकड़ पर झुग्गी-झोपड़ी/मकान और 8 एकड़ पर खेती हो रही थी। यहां तक कि लगभग 17 एकड़ जमीन पर मैहर बाईपास का निर्माण हो चुका है। अतिक्रमण हटाने और मुआवजा देने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।



राजस्व टीम उन पट्टे की जमीनों की भी जांच कर रही है जो सरकारी जमीन के बीचोंबीच आ गई हैं।

**इनका कहना है**

एयरपोर्ट के विस्तार के लिए फिर से एक बड़ा सर्वे किया जाएगा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जल्द से जल्द की जाएगी।

**राहुल सिलाड़िया एसडीएम**
सतना

## भाजपा नेता के रिश्तेदारों की दबंगई, पुलिस के वाहन को रोक कर पीड़ितों को पीटा

**वीडियो वायरल,मुकदमा दर्ज**

**सतना।** जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित सगमनिया इलाके से रविवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मारपीट के पीड़ितों को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले जा रही पुलिस टीम पर ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में पीड़ितों को गाड़ी से उतारकर जमकर मारपीट की गई।

इस घटना से कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार,सगमनिया निवासी संदीप बंसल और शिवप्रसाद कोल के साथ उनके पड़ोसी प्रमोद सिंह अप्पू का पुराना विवाद था।बताया गया कि बीती रविवार रात प्रमोद सिंह शराब के नशे में दोनों से गाली -गलौज करने लगा। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो प्रमोद और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल पीड़ित देर रात थाने पहुंचे,जहां पुलिस ने महिलाओं सहित सभी को एमएलसी के लिए जिला अस्पताल रवाना किया।

### पुलिस वाहन का रोका रास्ता

सोमवार रात 12:30 बजे,जब पुलिस वाहन सिमरिया चौक के पास पहुंचा,तभी भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह बराज के भाई कल्लू सिंह अपने दर्जन भर से अधिक साथियों के साथ वहां पहुंच गया।आरोप है कि उन्होंने पुलिस की गाड़ी का रास्ता रोक लिया,पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की और पीड़ितों को गाड़ी से उतरवाकर बेरहमी से पीटा। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ितों को दोबारा थाने लाकर सुरक्षा में रखा और करीब रात 3 बजे सशस्त्र बल की मौजूदगी में उन्हें जिला अस्पताल लेकर गई। बताया गया कि मुख्य आरोपी प्रमोद सिंह अप्पू भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह बराज का भतीजा है। यह घटना अपराधियों के बढ़े हुए हौसलों को दर्शाती है। सवाल यह है कि जब पुलिस की मौजूदगी में ही इस तरह की गुंडागर्दी हो सकती है,तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। फिलहाल कोलगवां थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

## शराब पीने से मना करने पर बेटे ने पिता को लाठी से पीटकर मार डाला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलगवां थाना क्षेत्र के बदखर की घटना; मृतक ने बीमार बेटे को दी थी शराब छोड़ने की सलाह**

**सतना।** कोलगवाँ थाना क्षेत्र की बाबूपुर चौकी अंतर्गत बदखर में बीती रात शराब के नशे में धुत एक पुत्र ने अपने पिता को लाठी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। बताया गया है कि मृतक ने अपने बेटे को शराब पीने से मना किया था,जिससे गुस्साए पुत्र ने पिता के सिर पर ज़ोरदार वार कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### घटना का विवरण

बाबूपुर चौकी प्रभारी शुभम सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक,बरौंधा थाना क्षेत्र के कैलहौरा ग्राम निवासी भैयाजी मवासी 40 वर्ष और उसका पुत्र रिंकू मवासी 22 वर्ष बदखर में एक लकड़ी के टाल में साथ काम करते थे। रिंकू को अत्यधिक शराब पीने की लत थी,जिसके कारण वह कुछ समय पहले काफी बीमार पड़ गया था। डॉक्टर ने उसे ज़िंदा रहने के लिए शराब पूरी तरह छोड़ने की सलाह दी थी। रविवार की रात रिंकू फिर शराब पीकर आया और उसे उल्टियाँ होने लगीं। इस पर पिता भैयाजी मवासी ने फटकारते हुए बेटे से कहा कि डॉक्टर के मना करने के बावजूद शराब क्यों पी रहे हो। शराब पीने से रोके जाने की बात सुनते ही रिंकू भड़क गया और उसने वहीं पास पड़ा डंडा उठाकर पिता के सिर पर ज़ोरदार प्रहार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से भैयाजी मवासी लहूलुहान होकर ज़मीन पर गिर पड़े।

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

घटना की सूचना मिलते ही टीआई कोलगवाँ सुदीप सोनी और बाबूपुर चौकी प्रभारी शुभम सिंह स्टाफ सहित तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने आरोपी पुत्र रिंकू को हिरासत में ले लिया और गंभीर रूप से घायल पिता भैयाजी मवासी को तत्काल वाहन से अस्पताल पहुँचाया,जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाया,जहाँ से आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## भगवान अयप्पा मंदिर में अग्रवाल समाज ने की आरती



सतना

बांधवगढ़ कालोनी में स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में रविवार को अग्रवाल समाज द्वारा पूजा, अर्चना कर भगवान की सामूहिक आरती कर भोग प्रसाद अर्पण किया गया। समाज के प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल'रम्पू' ने बताया कि अयप्पा मंदिर के सेवा भक्तों के निवेदन पर मण्डल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज द्वारा भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। अयप्पा मंदिर समिति द्वारा समाज के सभी बंधुओं का स्वागत कर पूरा मंदिर का अवलोकन कराया गया। मातृशक्ति द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन से स्वागत सत्कार किया।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**सतना।**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह द्वारा जानकारी दी गई है कि संयुक्त किसान मोर्चा एवं प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव के निर्णय एवं आह्वान पर जिलेवार किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे सोयाबीन में भावान्तर नहीं होने और रेट कम,फ़सल बीमा में भ्रष्टाचार घोषणापत्र के आधार पर एमएसपी में 3100 से 2700 का मुद्दा, खाद की कालाबाजारी, बिजली कटौती, बिजली के अत्यधिक बिल और भ्रष्टाचार पराली जलानें में किसानों को परेशानियां, आवारा जानवरों की रोकथाम बरगी नहर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में किसानों को धोखा, खसरे को आधार बनाकर सिंचित भूमि का पुनः निरीक्षण किया जाने। गरीबों के आवासीय पट्टे खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार आदि अव्यवस्थित समस्याओं को लेकर 15 अक्टूबर दिन बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर किसानों से मुलाकात और चर्चा उपरांत भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी के आह्वान पर एवं जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर सतना को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री सिंह ने जिले के सभी अन्नदाताओं किसानों से आग्रह किया है कि 11;30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी का अंतिम संस्कार





**सतना।**

मीसाबंदी एवं पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी का सोमवार को नजीराबाद स्थित मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके बड़े बेटे राजनारायण तिवारी राजा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित कई जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सुबह शंकरलाल तिवारी की पार्थिव देह सुभाष पार्क स्थित आवास पर पहुंची,जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से उनकी भव्य अंतिम यात्रा निकाली गई। पूरे मार्ग में लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी ने अपने राजनीतिक जीवन में सादगी और संघर्ष की मिसाल कायम की थी। उन्होंने लोकतंत्र रक्षक के रूप में आपातकाल के दौरान जेल यात्रा भी की थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि देने वालों में कहा गया कि तिवारी जी का जीवन समाज सेवा और जनहित के कार्यों के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## डबल साइलेंसर वाली बुलेट पर पुलिस की 'तीखी' नज़र, एसपी की गाड़ी को ओवरटेक कर फोड़ा 'पटाखा'

सतना। जिले में तेज और पटाखे की आवाज निकालने वाले डबल साइलेंसर बुलेट मोटरसाइकिलों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। यातायात पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद 'पटाखा' बुलेट चलाने वाले युवक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। हालत यह है कि अब इन मनचलों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि इन्होंने सीधे पुलिस अधीक्षक की गाड़ी को ही निशाना बना लिया।

### एसपी की गाड़ी को ओवरटेक कर फोड़ा पटाखा

प्राप्त जानकारी के अनुसार,दो दिन पहले डबल साइलेंसर लगी बुलेट पर सवार कुछ युवकों ने सीधे सतना पुलिस अधीक्षक की गाड़ी को ओवरटेक किया और तेज पटाखे की आवाज निकालकर रफू चक्कर हो गए।इस दुस्साहसपूर्ण घटना के बाद यातायात पुलिस हरकत में आ गई है और तत्काल उस बुलेट की तलाश शुरू कर दी गई है।

### गाड़ी नंबर का आखिरी अंक '06', पुलिस तलाश में जुटी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक,भले ही युवकों की यह हरकत काफी तेज थी,लेकिन पुलिस को गाड़ी के नंबर प्लेट का आखिरी अंक '06'




होने की जानकारी मिली है। इसी सुराग के आधार पर यातायात पुलिस अब ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चला रही है। जिले के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर नाकेबंदी कर '06' अंक वाली बुलेट गाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### दो दिन में 6 बुलेट जब्त, 6000 जुर्माना

डबल साइलेंसर वाली बुलेटों पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस की पैनी नजर लगातार बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सिर्फ पिछले दो दिनों के भीतर,नियम तोड़ने वाली 6 डबल साइलेंसर वाली बुलेट मोटरसाइकिलों को पकड़ा गया है। इन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए उनसे 6000 का समन शुल्क (जुर्माना) वसूल किया गया है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने और आम जनता को परेशान करने वालों के खिलाफ उनका अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## अवैध पिस्टल खरीदने-बेचने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**सतना।**

पुलिस ने अवैध रूप से पिस्टल खरीदने-बेचने और दहशत फैलाने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में और थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया से मिली सूचना के आधार पर,जिसमें कृष्णा सेन निवासी अहरी टोला एक बर्थडे पार्टी में अवैध पिस्टल से फायर करते दिख रहा था,पुलिस ने विशेष टीम गठित की। पूछताछ में कृष्णा सेन 19 वर्ष ने बताया कि उसने भांजी की बर्थडे पार्टी में दोस्त राम सोनी के साथ मिलकर फायर किया था और वीडियो बनवाया। पिस्टल खरीदने-बेचने का सौदा आशु सेन 22 वर्ष के माध्यम से जितेन्द्र शुक्ला 35 वर्ष से हुआ था। जितेन्द्र शुक्ला ने यह पिस्टल टेस्टिंग के लिए आशु सेन को दी थी,जिसने इसे कृष्णा सेन को सौंप दिया था। कृष्णा सेन इसे खुद के इस्तेमाल या ऊंचे दाम पर बेचने की फिराक में था। पुलिस ने तीनों आरोपी कृष्णा सेन,आशु सेन और जितेन्द्र शुक्ला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल एक देशी पिस्टल,दो कारतूस,दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जब्त किए हैं। पिस्टल का विक्रेता सुज्जू सिंह निवासी बरेठिया फरार है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में अपराध क्र. 655/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 3(5) भा न्या सं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों राम सोनी और सुज्जू सिंह की तलाश जारी है।

## प्रो सेवाराम त्रिपाठी को प्रो.कमला प्रसाद स्मृति आलोचना सम्मान से नवाज़ा गया

### अपनी ही माटी में अपनों द्वारा सेवाराम को सम्मानित किया जाना बड़ी बात हैः अष्टभुजा

**सतना।** नागौद प्रगतिशील लेखक संघ ने प्रो.कमला प्रसाद स्मृति सम्मान समारोह के तहत प्रो.सेवाराम त्रिपाठी को आलोचना सम्मान प्रदान करने एवं उनकी पुस्तकों पर परिचर्चा हेतु भव्य एवं गरिमा पूर्ण समारोह प्रो.अष्टभुजा शुक्ला गोरखपुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सेवाराम त्रिपाठी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रो.आशीष त्रिपाठी,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द शर्मा, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा,डॉ.माया मिश्रा भोपाल,इंदु श्रीवास्तव जबलपुर,पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,शिव शंकर मिश्र सरस सीधी,प्रलेस जिलाध्यक्ष एड.संतोष खरे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का निर्बाध संचालन इकाई अध्यक्ष एड.रमाकान्त मिश्र वहीं आभार व्यक्त इकाई के महासचिव पुष्कर शरण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अष्टभुजा शुक्ल ने प्रो.सेवाराम त्रिपाठी को कमला प्रसाद स्मृति प्रथम आलोचना सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए नागौद इकाई को इस परम्परा को आगे भी



जारी रखने की प्रेरणा देते हुए कहा इस तरह के आयोजन पूरे वातावरण को ऑक्सीजन देने का काम करते हैं। श्री शुक्ल ने सेवाराम एवं कमला प्रसाद को एक दूसरे का पूरक बताते हुए दोनों से जुड़े कई संस्मरण सुनाते हुए कहा अपनी ही माटी में अपनों द्वारा सम्मानित किया जाना बड़ी बात है,आगे उन्होंने कहा हमें अपनी स्थानीय बोली भाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष की आसंदी से बोलते हुए सेवाराम त्रिपाठी ने कहा मैं जिस मिट्टी से आया हूं यह उसी मिट्टी का पुण्य प्रताप है की नागौद इकाई ने मुझे यह सम्मान दिया मैं इसकी कल्पना भी नहीं करता था। डॉ.कमला प्रसाद मेरे गुरु एवं मार्गदर्शक रहे हैं श्री त्रिपाठी नें अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर कमला प्रसाद के संस्मरण सुनाते हुए कहा आजादी के इतने वर्षों बाद भी वही भूख,गरीबी,अन्याय,धार्मिक सांप्रदायिक उन्माद चिंता का विषय है,अब भी समय है हमें इसे रोकना चाहिए। विजयशंकर चतुर्वेदी ने सेवाराम त्रिपाठी के जीवन परिचय उनके कार्यों के उद्धरण पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। वहीं डॉ.माया मिश्र ने कहा सेवाराम जी का घर साहित्य,कला एवं संस्कृति का सजीव केंद्र था यह मैंने स्वयं देखा और अनुभव किया है। आपके लेखन में विविधता है कविता व्यंग,निबंध,आलोचना के छेत्र में लिखा है पहला कविता संग्रह अंधेरे के खिलाफ है,आपकी व्यंग रचनाएँ समाज की अनेक विसंगतियों की ओर संकेत करती हैं,उनका मूल उद्देश्य समाज को आसन्न संकट के प्रति सचेत करना है,आपकी कविताएं मनुष्यता की संभावनाओं की दस्तावेज हैं। इंदु श्रीवास्तव ने सेवाराम की बघेली पुस्तक अंतरंग बहिरंग' की चर्चा करते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से विंध्य की संस्कृति का विस्तार से वर्ण करते हुए लोक संस्कृति के अनुभव एवं परम्परागत ज्ञान का उल्लेख किया है। इस पुस्तक को पढ़ते हुए पांच दशक पहले का नागौद मेरी आंखों के सामने घूम गया तीर्थ यात्रा के लिए जा रहे लोगों के लिए गाए जाने वाले गीत हो चाहे चिड़ियों,जानवरों पर केंद्रित लोक कथाएं इस पुस्तक में भरी पड़ी हैं। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया नें कमला प्रसाद के साथ बिताए समय को स्मरण करते हुए कई संस्मरण प्रस्तुत किए और कहा हम सभी उन्हें कमांडर कहते थे,उनमें अदभुत संगठनात्मक क्षमता थी,उनके निधन के बाद से हम सभी साहित्यकार अनाथ सा महसूस करते हैं।वो पाकिस्तान भी गए थे और वहां के साहित्यकारों से मुलाकात किया था। शिवशंकर मिश्र सरस ने कहा कमला प्रसाद से हम सबको नई ऊर्जा मिलती थी वो सभी का ख्याल रखते थे। एड संतोष खरे ने अपने दीर्घकालीन अनुभव साझा किए कार्यक्रम का समापन सरस काव्य संध्या के रूप में हुआ।

**खबर संक्षेप**



## नवागत पुलिस अधीक्षक ने अमानगंज पुलिस थाना का किया औचक निरीक्षण

**अमानगंज पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र की व्यवस्थाओं, घटना, दुर्घटनाओं के अतिरिक्त कानून व्यवस्था का जायजा लेने जिले की नवागत पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू अमानगंज पहुंची जहां सबसे पहले तो आपने नगर का एक चक्कर लगाते हुए पुलिस थाना का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं से अवगत होते हुए कानून व्यवस्था की जानकारी संलग्न की नगर और क्षेत्र के विषय में समुचित जानकारी थाना प्रभारी रवि जादौन से संलग्न की इसके पहले आप अपने बहन से नगर का एक राउंड कर चुकी थी और हिनौती स्थित वेयरहाउस का चक्कर लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कुछ महत्वपूर्ण घटनास्थल का भी अवलोकन करने आप पहुंची इस विषय में जब स्थानीय मीडिया से आपकी चर्चा हुई तो आपका कहना था कि नगर और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने की दृष्टि से राज्य शासन गृह विभाग का जो मार्गदर्शन होता है उसके अंतर्गत मैं पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज का आज औचक निरीक्षण किया है और यहां की व्यवस्थाओं से अवगत होते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों को यथा उचित दिशा निर्देश भी जारी किए हैं और कहा है कि नगर में कानून व्यवस्था पूरी मजबूती सी रहे दिवाली का पर्व अब नजदीक है किसी भी प्रकार की कोई भी बात कानून व्यवस्था के विरुद्ध ना हो साथी सड़क दुर्घटनाओं पर बड़े वाहनों के आने जाने पर पुलिस का ध्यान मजबूती से हो फोटो

## शासकीय कार्यालयों में भी साफ-सफाई पर हो फोकस

**पन्ना।** कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक शासकीय कार्यालयों में भी 2 से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई गतिविधि संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस क्रम में समस्त कार्यालय प्रमुख नियत समय सीमा में अपने कार्यालय में साफ-सफाई पर फोकस कर अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करें। नाम का बोर्ड भी लगवाया जाए और अधीनस्थ कार्यालय एवं कर्मचारियों को भी इसके लिए पाबंद करें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 30 अक्टूबर तक विभागवार संचालित निष्क्रिय बैंक खातों के संबंध में वांछित कार्यवाही की जाए। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारी जिला संयोजक को ग्राम विकास योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की तत्काल जानकारी प्रस्तुत करें, जिससे चिन्हांकित 108 ग्रामों में विकास की बेहतर कार्ययोजना तैयार हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## पीएम धन धान्य कृषि एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन योजना



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत शनिवार को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा, नई दिल्ली से पी.एम. कृषि धन धान्य योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के शुभारंभ सहित कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर किसान भाई बहनों को 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पन्ना में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव एवं प्रमण्डल सदस्य जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर संजीव खरे सहित तरूण पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बागोरा, देशराज प्रजापति, जया कोरी, दिव्यांशिका त्यागी, ज्ञानेन्द्र तिवारी, समीना यूसुफ तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण, कृषि महाविद्यालय पन्ना के छात्र एवं बड़ी संख्या में जिले के कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों एवं कृषकों द्वारा परिसर स्थित प्रदर्शन ईकाईयों का भ्रमण भी किया गया।

# जिले में विकास को लेकर अब नवागत कलेक्टर की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता तथा पटल पर जमीनी स्तर को लेकर क्या प्रगति तय होगी

**सरकार के मुखिया म0प्र0 में जहां विगत कुछ दिवसों पूर्व कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत की बैठक लेते हुये रात्रि विश्राम गावों में करके विकास की मंषा बयां कर चुके है अब देखना यह है कि यह असर जमीनी स्तर पर कब तक सामने आयेगा वहीं कलेक्टर की कार्यप्रणाली का रिपोर्ट कार्ड 6 माह में जो जाना जायेगा उस पर हमारे जिले की प्रगति पथ को लेकर कितना बदलाव नजर आयेगा।**

पन्ना।

निश्चित तौर पर हालात सरकार की मंशा को लेकर साफ हो चुके है जहां प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने विगत कुछ दिवसों पूर्व भोपाल में एक बैठक कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ तथा कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की ली गई है जिसमें साफ तौर पर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ को लेकर सीएम ने अपनी मंशा बयां की कलेक्टर व सीईओ ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करें आम आदमी की समस्याओं को जानें तथा जिले में विकास को लेकर नवाचारों को भी पटल पर साबित करें। जिससे आगामी 6 माह में कलेक्टर का रिपोर्ट कार्ड जिले की प्रगति को लेकर व नवाचारों को भी परखा जायेगा जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि जहां विकास की दिशा कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ दोनों को प्राथमिकता के तौर पर तय करने को लेकर जिम्मेदार माना गया है वहीं जनप्रतिनिधियों से समन्वय संपर्क साथ ही आम जनता की समस्याओं के निदान को लेकर प्राथमिकता अब देखना यह है कि जिले के नवागत कलेक्टर ऊषा परमार आखिर इस आधार पर जिले को विकास के आयाम तय करने को लेकर कितने बदलाव कर पायेंगी वहीं नवाचार की बात करें तो जिले में निष्चिततौर पर यह कलेक्टर की सोच व मंषा से ही तय होता है। साथ ही सीईओ जिला पंचायत की भूमिका भी नवाचार को लकर जानी जा सकती है अब देखना यह है कि दोनों जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जिले में विकास की दिषा तय करने को लेकर कब तक जमीनी स्तर पर साबित करेंगे। निश्चित तौर पर एक बड़ी जिम्मेदारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत को दी गई है अब जिले में नवाचार को लेकर भी जहां अपार संभावनाये तो है ही पर यह पटल पर कब और कैसे तय होंगी जिसका है इंतजार।



## कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# एल 1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने वाले 57 अधिकारियों को नोटिस

**कलेक्टर ने विशेष तौर पर बैंकर्स पर नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिये किया निर्देषित**

**उप संचालक पशु पालन एवं नगर पालिका सीएमओ को नियमित रूप से सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंशों को विस्थापन तथा हर गौशाला में सीसी टीव्ही कैमरा लगवाने के लिये कहा**




पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर सभी अधिकारियों को त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से शिकायत निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में एल 1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने वाले 57 अधिकारियों विशेषकर बैंकर्स पर नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया।

साथ ही नगर परिषद पवई के सीएमओ को भी सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आगामी टीएल बैठक से समस्त अधिकारी वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहें। कलेक्टर श्रीमती परमार ने आगामी 23 अक्टूबर को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित विषयों तथा स्थाई विषय में शामिल 100 दिवस से अधिक समय सीमा की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर चर्चा कर कहा कि अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर गंभीरतापूर्वक इन लंबित प्रकरणों का नियत समयावधि में प्रभावी निराकरण करें। संबंधित शिकायतकर्ता से संवाद कर प्रतिदिन के निराकरण की समीक्षा संबंधित जिलाधिकारी द्वारा स्वयं की जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के समय पर प्रदाय सहित न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने तथा आम जनता से जुड़े सभी मुद्दों का भी त्वरित निराकरण करने के लिए कहा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रोजगारमूलक योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति व वितरण की जानकारी लेकर लक्ष्य मुताबिक हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान समस्त अधिकारियों को सतत संवाद व समन्वय के जरिए शासकीय दायित्व एवं कत्र्तव्यों के निर्वहन के लिए भी ताकीद किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त स्कूलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिक्षकों के लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान हो। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान हो। कलेक्टर ने पन्ना नगर अंतर्गत नेशनल हाइवे में संचालित निर्माण कार्यों के संबंध में संबंधित एजेंसी से संपर्क व समन्वय करने के निर्देश भी लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिए।

**कलेक्टेट परिसर में सौंदर्यीकरण की बनाएं कार्ययोजना**

जिला कलेक्टर द्वारा टीएल बैठक में सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव को कलेक्टेट परिसर में पार्क एवं अन्य स्थानों पर सौंदर्यीकरण की बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा उप संचालक पशुपालन एवं नगर पालिका सीएमओ को नियमित रूप से सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश के गौशाला में विस्थापन तथा हर गौशाला में सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इस सप्ताह मध्यान्ह भोजन का खाद्यान्न उठाव करने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजना के तहत पवई एवं शाहनगर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जल कर की बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभागवार सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित कुल 53 पेंशन प्रकरणों के अविलंब निराकरण के उद्देश्य से जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता को इनकी जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। ई-ऑफिस परियोजना के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालयों में नवीन फाइल जनरेशन एवं मूवमेंट के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस को बढ़ावा दिया जाए।



## दक्षिण पन्ना में ड्रोन से जंगलों की निगरानी के दौरान तेंदुआ बना सरप्राइज़ गेस्ट

पन्ना।

दक्षिण पन्ना वनमंडल में विगत कुछ महीनों से वृक्षारोपण कार्यों की निगरानी तकनीक के माध्यम से भी की जा रही है। इसके अंतर्गत वृक्षारोपण स्थलों के रखरखाव एवं उनकी स्थिति का मूल्यांकन ड्रोन कैमरे से किया जा रहा है। यह पहल वृक्षारोपण की गुणवत्ता बढ़ाने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। आज अंकुर गुप्ता, सहायक वन संरक्षक, द्वारा मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक रोचक दृश्य सामने आया। जब ड्रोन कैमरा आसमान में उड़ान भर रहा था, तभी नीचे ज़मीन पर एक सुंदर तेंदुआ कैमरे की ओर उत्सुकता से देखने लगा। ड्रोन द्वारा ली गई यह तस्वीर न केवल तकनीकी प्रयोग की सफलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि हमारे वनों में जैवविविधता कितनी समृद्ध है। तेंदुए के चेहरे पर ड्रोन को देखकर उत्पन्न जिज्ञासा और विस्मय ने इस निरीक्षण को एक अनोखा अनुभव बना दिया। यह तस्वीर वन्यजीव संरक्षण और तकनीकी नवाचार का सुंदर संगम प्रस्तुत करती है।

## शासकीय महाविद्यालय खोरा में स्थानीयता से स्वावलंबन की ओर 'वोकल फॉर लोकल' पर राष्ट्रीय वेबिनार सफलतापूर्वक संपन्न

पन्ना।

शासकीय महाविद्यालय खोरा के तत्वावधान में "वोकल फॉर लोकलरू आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम" विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक डॉ. आनंद चैरसिया एवं आयोजन सचिव डॉ. नंद कुमार पटेल द्वारा माँ वीणावादिनी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस वेबिनार की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, सागर संभाग, सागर डॉ. नीरज दुबे रहे है। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी रहे। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि "स्थानीय उत्पादों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। आत्मनिर्भरता का मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब हम 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएँ। "स्वागत भाषण देते हुए शासकीय महाविद्यालय खोरा के प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा ने कहा "यह वेबिनार न केवल विचार-विमर्श का मंच है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को व्यवहारिक रूप देने का माध्यम भी है।"इसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आनंद चैरसिया ने विषय प्रवर्तन प्रस्तुत करते हुए कहा "'वोकल फॉर लोकल' भारत के आर्थिक पुनर्जागरण की नींव है। यह स्थानीय उत्पादों, कौशल एवं नवाचार को आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा देता है।"इस वेबिनार के की स्पीकर एवं प्फ।ब समन्वयक डॉ. पी. पी. मिश्रा ने बताया "'वोकल फॉर लोकल' नीति सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (डैडम्) के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। यह रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास और नवाचार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।"कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. एस. एस. शुक्ला, डी.बी.एस. पी.जी. कॉलेज, कानपुर (उ.प्र.) ने कहा कि वोकल फॉर लोकल आंदोलन गांधीजी के स्वदेशी विचार की आधुनिक व्याख्या है। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी भारत को आत्मनिर्भर बनाता है। साथ ही कार्यक्रम के दूसरे मुख्य वक्ता श्री शुभम सिंह, श्री मुरली मनोहर टाउन पी.जी. कॉलेज, बलिया (उ.प्र.) ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से हम भारतीय उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में प्रतिष्ठित कर सकते हैं। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. आनंद चैरसिया, आयोजन सचिव डॉ. नंद कुमार पटेल,तथा सह संयोजक श्री शुभम पाठक , डॉ ममता सूर्यवंशी, डॉ नरेंद्र सिंह राजपूत स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।पेपर प्रेजेंटेशन सत्र का आयोजन डॉ. सचिन गोयल द्वारा किया गया, जिसमें प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वेबिनार 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से भारत की आत्मा को आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ है। इस कार्यक्रम में डॉ ममता सूर्यवंशी, डॉ नरेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य प्राध्यापक साथी लगभग 200 संख्या में विद्यार्थी वर्चुअली तथा ऑफलाइन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन 'लोकल को ग्लोबल' बनाने के संकल्प तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा के साथ हुआ। यह वेबिनार अपनी वैचारिक गहराई, विद्वत्ता, संगठनात्मक समन्वय एवं राष्ट्रीय भावना के लिए स्मरणीय रहेगा।

# सलेहा नगर में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य पथ संचलन निकला



**संघ के पथ संचलन में अनुशासन का देखा अनोखा नजारा**

पन्ना।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सलेहा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में नगर भ्रमण पर निकले सलेहा नगर का माहौल देशभक्ति के गीतों, बैंड की ताल से गूंज उठा पथ संचलन की शुरुआत सलेहा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्याल परिसर से की गई विद्यालय परिसर में स्वयंसेवक एकत्रित हुए।

विद्यालय परिसर में स्वयंसेवको द्वारा ते के 100 वर्ष पूरे होने एवं विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया इसके बाद यात्रा की शुरुआत की गई इस इतहासिक पथ संचलन यात्रा में सैकड़ों स्वयंसेवक पारंपारिक गणवेश अनुशासनबद्ध पंक्तियों में नगर भ्रमण पर निकले यात्रा विद्यालय परिसर से सलेहा के मुख्य मार्ग होते हुए तिराहा पहुंची वहां से मुड़कर माध्यमिक विद्यालय में यात्रा का समापन किया गया यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया यात्रा में स्वयं सेवक संघ पन्ना जिला कार्यवाहक विजय पटेल प्रारंभिक यात्रा से लेकर चल रहे पंच परिवर्तन कार्यक्रम तक शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सलेहा पुलिस बल व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रहे पथ संचलन आयोजन शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।सलेहा नगर के नागरिकों ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और उर्जा की सराहना की स्वयंसेवक संघ आज सेवा, संस्कृति और संगठन का प्रतीक बन चुका है।

# पन्ना शहर में आवारा कुत्तों की निकल रही बारात, हो सकता है कभी भी हादसा



पन्ना।

शहर के बड़ा बाजार चैराहा एवं डायमंड चैराहा तथा अस्पताल चैराहा में इस समय बड़े पैमाने पर आवारा कुत्ता घूमते दिखाई दे रहे हैं ।एक दर्जन से अधिक कुत्तों की भीड़ बारात के रूप में निकल रही है। कभी भी यह आवारा कुत्ते हमला कर सकते हैं, जिससे कि बड़ा हादसा घटित हो सकता है। स्थानीय व्यापारियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन तथा नगर पालिका प्रशासन से आग्रह किया है कि जो शहर में आवारा कुत्ते बड़े पैमाने पर घूम रहे हैं इनको पकड़ने को लेकर कोई कदम उठाया जाए। ताकि शहर में किसी भी प्रकार का हादसा घटित ना हो सके। जो शहर में आवारा कुत्ते घूम रहे हैं इनको किसी भी प्रकार का इंजेक्शन भी नहीं लगता है, जिससे इनका जहरीला होना आम बात है। कुत्तों के काटने से लोगों की जान जाना भी स्वाभाविक है। इसलिए इन आवारा कुत्तों पर समय रहते लगाम लगाई जाए। आवारा कुत्तों को पड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की कार्यवाही शीघ्र जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन कराए।



### कलेक्टर ने दिए खाद की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, भंडारण पर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश

# 17 अक्टूबर तक कोई भी किसान भावांतर योजना के पंजीयन से ना छूटें : कलेक्टर



**छतरपुर। टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ, जनपदों के सीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं निकायों के सीएमओ को समग्र ई-केवाईसी में अभियान चलाकर वार्डवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माह के अंत तक शतप्रतिशत ई केवाईसी कराएं।**

कलेक्टर ने जीएम कॉपरेटिव को दर्ज टीएल में एक माह से जबाव दर्ज नहीं करने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीओ को निर्देश दिए कि सुकन्या रक्षा समृद्धि अभियान में खाते खोलने में प्रगति बढ़ाएं अन्यथा संबंधित सीडीपीओ पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबल पंजीयन के अपात्र की अपील के लंबित अनुग्रह सहायता राशि के डीएम एवं एसडीएम लॉगिन के लंबित आवेदनों को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सीईओ से रोड रेस्टोरेशन की शिकायतों को तैयार कर संबंधित निर्माण एजेंसी जल निगम और पीएचई को सुधार के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को प्राथमिकता से बंद कराने के निर्देश दिए -**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने 50 दिवस से अधिक को सीएम हेल्पलाइन की राजस्व विभाग की तह. बड़ामलहरा, बिजावर, छतरपुर नगर को ग्रेडिंग सुधार के निर्देश दिए। साथ ही कृषि, जल संसाधन, महिला बाल विकास, सहकारिता एवं आईटी विभाग की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने कहा ने निकायों में चंदला, छतरपुर सीएमओ एवं जनपदों की बिजावर, लवकुशनगर एवं गौरिहार सीईओ को विशेषरूप से शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर जैसवाल ने राजस्व के लंबित कंटेंप्ट केसेस, सीएम हाउस और सीएम मॉनिट के लंबित प्रकरण, आयोग के शिक्षा, राजस्व एवं जनजातीय कार्य विभाग की लंबित शिकायतों के जल्द प्रतिवेदन भेजने और निराकरण कराने के निर्देश दिए।

**किसानों के लिए खाद वितरण में शेड, पानी आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें -**

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम को वर्तमान माह और आगामी माह के डबल एवं सिंगल लॉक में निरंतर खाद वितरण सुनिश्चित करें एवं निगरानी में खाद वितरण कराएं। साथ ही भीड़ वाली स्थिति में पटवारी, तहसीलदार फॉलो करें। किसानों के लिए खाद वितरण में शेड, पानी आदि की व्यवस्था करें और टोकन सिस्टम से खाद वितरण सुनिश्चित कराएं। साथ ही कलेक्टर ने कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि निजी विक्रेताओं के खाद का सत्यापन कर्मचारियों द्वारा कराएं। साथ ही कृषि अधिकारी खाद की कालाबाजारी, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही करें।

**भावांतर योजना में मंडियों एवं तहसील स्तर पर पंजीयन हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश -**

कलेक्टर ने भावांतर योजना में पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली। जिसमें 17 अक्टूबर तक पंजीयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसान भावांतर योजना में पंजीयन से छूटे नहीं जिले में 15 पंजीयन केंद्र स्थापित है। जिस पर कृषि और कॉपरेटिव के कर्मचारियों को भेजकर प्रगति बढ़ाएं। कलेक्टर ने कहा एसडीएम एवं तहसीलदार भी पंजीयन केंद्रों को विजिट करें। साथ ही उन्होंने मंडियों, तहसील स्तर पर प्रचार प्रसार हो। मंडियों में हेल्प डेस्क सुनिश्चित करें। साथ ही कलेक्टर ने हर हफ्ते निर्धारित होने वाले मॉडल रेट सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर महाराजपुर सीएमओ, एसडीओ वन विभाग, पुलिस हाउसिंग बोर्ड को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के समय सीमा से बाहर के 4 प्रकरणों में पेनाल्टी अधिरोपित की है, जिसमें जनपद सीईओ लवकुशनगर, राजनगर, नायब तहसीलदार मातगुवां, तहसीलदार बडामलहरा पर 500-500 रुपए की पेनाल्टी अधिरोपित की है।

## खबर संक्षेप

### तेज बाईक चलाने से रोकने पर युवक को पीटा

**छतरपुर**। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में भैंसासुर मुक्तिधाम के समीप रहने वाले एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक भगवानदास पुत्र नत्थू अहिरवार उम्र 19 वर्ष ने बताया कि वह अपने मोहल्ले में बैठा हुआ था तभी कुछ लोग तेज रफ्तार से बाईक चलाते हुए निकले। इसी दौरान उसने तेज बाईक चला रहे लोगों को रफ्तार कम करने के लिए कहा, जिसको लेकर उक्त लोगों ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। भगवानदास के मुताबिक मारपीट करीब एक दर्जन लोगों ने की है, जिसका सीसीटीवी वीडियो भी उसके पास है। वहीं भगवानदास के भाई विनोद ने आरोपियों के पास कट्टा होने की बात भी पुलिस को बताई है। पुलिस ने भगवानदास की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरु की है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर**। पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्त्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है।

थाना बमीठा पुलिस को कॉम्बिंग गश्त के दौरान ग्राम घूरा में अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम शीघ्र ही मौके पर पहुंची, यात्री प्रतीक्षालय के पास संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे रोककर चेक किया गया। संदेही के पास से 12 बोर की देशी बंदूक एवं कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त पुरुषोत्तम ठाकुर पिता महेंद्र ठाकुर निवासी ग्राम गढ़ा थाना बमीठा जिला छतरपुर के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक डीडी शाक्य, सहायक उप निरीक्षक कमलेश तिवारी, आरक्षक राकेश बागरी, राम बहादुर, निकेश यादव, उदय सिंह,भानु पटेल एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### उपयंत्रियों की हड़ताल से रुके ग्राम पंचायतों के विकास कार्य

**बड़ा मलहरा**। जनपद पंचायत बड़ा मलहरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। लगभग तीन माह से उपयंत्रियों की चल रही हड़ताल के कारण पंचायतों में चल रहे मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के कार्य ठप पड़े हुए हैं। सरपंच संघ जनपद पंचायत बड़ा मलहरा ने इस गंभीर स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को ज्ञापन भेजा है। सरपंच संघ के अध्यक्ष जयहिन्द सिंह यादव ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उपयंत्रियों की हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों के निर्माण व विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में मजदूरों की मस्टर रोल जारी नहीं हो पा रही, जिससे मजदूर बेरोजगार हो गए हैं और उनकी आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि पंचायतों द्वारा स्वीकृत योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जिससे गांवों में विकास की रफ्तार थम सी गई है। कई पंचायतों में अधूरे कार्यों से ग्रामीण परेशान हैं, वहीं समय पर भुगतान न मिलने से निर्माण एजेंसियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि हड़ताल समाप्त होने तक वैकल्पिक व्यवस्था कर विकास कार्यों को चालू रखा जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित न हो। सरपंच संघ बड़ा मलहरा ने सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप कर उपयंत्रियों की समस्याओं का निराकरण कर हड़ताल समाप्त कराने की मांग की है।

## युवा खिलाड़ी, बेटी क्रांति से लें प्रेरणा : डॉ. वीरेन्द्र कुमार




### बिजावर में सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

**बिजावर**। नगर के मेला ग्राउंड में आयोजित विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने उपस्थित खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित हुई घुवारा की बेटी क्रांति गौड़ से प्रेरणा लेने की बात कही।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें 12 टीमों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों और खिलाडिय़ों को आयोजन के समापन सत्र में अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। जीत की खुशी और उत्साह तो आवश्यक है, परंतु असली जीत प्रतिभा और प्रयास की होती है। उन्होंने आगे कहा कि जिले और मध्यप्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि क्रांति गौंड भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बनी हैं। डॉ. कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बेटियों और बेटों दोनों को समान अवसरों के साथ अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू, भूपेंद्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, राजेश शर्मा, केडी गोस्वामी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

### सिर पर पत्थर पटककर भागे आरोपी, तीन गिरफ्तार

**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठेवरा में दबंगों द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि आरोपियों ने न केवल युवक के साथ मारपीट की बल्कि जान से मारने की नियत से उसके सिर पर पत्थर भी पटका। आरोपी, युवक को मरा हुआ समझकर भाग गए थे लेकिन गनीमत रही कि युवक की जान बच गई। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश अभी जारी है।



गठेवरा निवासी मोनू कुशवाहा ने बताया कि उसका 28 वर्षीय भाई हरि पुत्र भौनी कुशवाहा बीती शाम करीब साढ़े 7 बजे गांव वाले घर से मेन रोड की तरफ बाईक से जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में गांव के चाहत राजा, शिवांश राजा, संतोष राजा और रानू राजा ने उसका रास्ता रोककर मारपीट शुरु कर दी। मोनू के मुताबिक आरोपियों ने हरि कुशवाहा को जान से मारने की नियत से तब तक पीटा जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। इसके बाद बेहोशी की अवस्था में जान से मारने की नियत से उसके सिर पर पत्थर पटका और उसकी बाईक को आग लगाकर मौके से भाग निकले। कुछ राहगीरों ने परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन हरि को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा उसे ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने सिविल लाइन थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर थाना प्रभारी सतीश सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी चाहत राजा, शिवांश राजा और संतोष राजा को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी रानू राजा की अभी तलाश जारी है।

**शराब तस्करी करते वक्त पकड़ा गया एक आरोपीः** सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक आरोपी द्वारा थाना क्षेत्र में तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर गठेवरा निवासी संतोष सिंह पुत्र बहादुर सिंह उम्र 30 वर्ष को 7 पेटी अवैध शराब के साथ नया चंद्रपुरा में गठेवरा कच्चे मार्ग पर बनी बाउंड्री के अंदर से पकड़ लिया। आरोपी संतोष के तस्करी के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत अलग से मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने अपराधी को सुनाई सजा

### अंतिम श्वास तक जेल में रहेगा अबोध को हवस का शिकार बनाने वाला दरिंदा

**छतरपुर**। करीब ढाई साल पहले छतरपुर में एक हवशी दरिंदे ने 3 साल की अबोध बच्ची को हवश का शिकार बना डाला था। इस घटना ने केवल छतरपुर, बल्कि पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला न्यायालय में पहुंचा जहां तमाम सबूतों, गवाहों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर सुनवाई हुई। सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने घटना की निंदा करते हुए मामले के आरोपी को अंतिम श्वास तक जेल में रखे जाने (आजीवन कारावास) की सजा सुनाई है।

#### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई 2023 को 3 वर्षीय पीड़िता अपने घर के बाहर खेल रही थी और उसकी मां घर के अंदर खाना बना रही थी।



कुछ समय बाद जब बच्ची की आहट मिलना बंद हुई तो मां ने बाहर निकलकर देखा, जहां बच्ची नहीं थी। बच्ची के माता-पिता ने तलाश की तो गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि घर के पास रहने वाले हीरालाल आदिवासी का दामाद अर्जुन बच्ची को कुल्फी दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गया है। माता-पिता के कहने पर हीरालाल ने अपने दामाद अर्जुन को फोन लगाया लेकिन उसने ठीक से बात नहीं की। काफी तलाश के बाद रात करीब 9 बजे बच्ची गांव के स्टॉपडेम के पास सूखे नाले में लहुलुहान अवस्था में पिता को बेहोश पड़ी मिली, होश में आने के बाद बच्ची ने अर्जुन की ओर इशारा किया। माता-पिता ने थाने जाकर अर्जुन के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण न्यायालय में पहुंचने के बाद अभियोजन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक, विशेष लोक अभियोजक प्रवेश अहिरवार ने पैरवी करते हुये सभी सबूत एवं गवाह कोर्ट में पेश किये। श्री अहिरवार ने बताया कि प्रकरण में विचारण के उपरांत विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कविता वर्मा, छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी अर्जुन आदिवासी को पॉक्सो एक्ट की धारा 5एम/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। इसके साथ ही पीड़िता को नालसा की प्रतिकर स्कीम के तहत 3 लाख रूपये प्रतिकर दिये जाने का आदेश भी उन्होंने दिया है।

## बीच सड़क पर बैठा मिला विशालकाय मगरमच्छ

### रात के अंधेरे में देखकर दंग रह गए लोग

**हरपालपुर**। यूपी-एमपी सीमा पर धसान नदी पर बने लहचूरा बाँध की धसान नदी की मुख्य नहर किनारे रविवार की मध्यरात्रि को एक विशालकाय मगरमच्छ सड़क पर बैठा मिला। रात करीब 12:30 बजे यह नज़ारा देखकर वहां से गुजर रहे वाहन चालक और यात्री दंग रह गए। जानकारी के अनुसार हरपालपुर से उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद के ग्राम काशीपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर धसान मुख्य नहर के पास यह घटना हुई। रात के समय सड़क से गुजर रही एक कार के सामने अचानक मगरमच्छ आ गया और सड़क के बीचों-बीच बैठ गया। अचानक सामने आए इस विशालकाय मगरमच्छ को देख वाहन सवार लोग घबरा गए और कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन रुक गया। कुछ मिनट तक मगरमच्छ वहीं बैठा रहा, उसके बाद धीरे-धीरे सड़क से हटकर नहर की ओर चला गया। इस पूरी घटना का वीडियो कार में सवार मीडियाकर्मी ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



## रिहायाशी इलाके में रखी मिली अवैध अतिशबाजी



### पुलिस ने की छापामार कार्रवाई, बड़ी मात्रा में पटाखे जप्त

**छतरपुर**। दीपावली के त्यौहार से पहले कुछ मुनाफाखोरों द्वारा आतिशबाजी का अवैध तरीके से भंडारण कर पटाखों का विक्रय किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने की मंशा से पुलिस लगातार निगरानी करते हुए कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली थाना क्षेत्र में पटाखों की बड़ी खेप पकड़ी गई। बताया गया है कि एक युवक ने रिहायाशी इलाके में अवैध तरीके से घर के भीतर अतिशबाजी का भंडारण कर रखा था और यहीं से पटाखे बेचे जा रहे थे। कोतवाली थाना में पदस्थ एसआई नंदकिशोर सोलंकी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रिहायशी इलाके में अतिशबाजी के भंडारण पर प्रतिबंध लगाकर पुलिस को निगरानी के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों का पालन करते हुए लगातार क्षेत्र में निगरानी की जा रही है। सोमवार को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गल्ला मंडी क्षेत्र के पिपरसानियां मोहल्ले में रहने वाले मोहित पुत्र रमेश गुप्ता द्वारा अपने घर में अतिशबाजी का भंडारण किया गया है। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान गुप्ता परिवार के घर में बड़ी संख्या में छोटे-बड़े पटाखे रखे मिले। यह भी जानकारी मिली कि मोहित गुप्ता द्वारा अवैध तरीके से इस आतिशबाजी का विक्रया किया जा रहा था। टीम ने मौके पर मिली आतिशबाजी को जप्त कर लिया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 हजार रुपए है।

## शातिर चोर ने एटीएम बदलकर पार कर दिए 1 लाख 15 हजार

### एसपी के पास पहुंचा फरियादी, चोर को पकडऩे की मांग

**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शातिर चोर द्वारा एक व्यक्ति के साथ एटीएम बदलकर खाते से 1 लाख 15 हजार रुपए उड़ाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर चोर को जल्द से जल्द पकडऩे की मांग की है। फरियादी द्वारा निजी स्तर पर की गई पड़ताल में कुछ सबूत उसके हाथ लगे हैं जो उसने पुलिस को देने के साथ-साथ मीडिया को भी दिखाए।

फरियादी श्रीप्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि वह ग्राम रगौली के मोती पुरवा के निवासी हैं। 17 सितंबर को वे छतरपुर के सटई रोड स्थित एटीएम से पैसे निकालने गए थे, जहां काफी भीड़ थी। इसी दौरान उनके पास खड़े एक युवक ने चालाकी से एटीएम बदल लिया और वहां से चला गया। कुछ समय बाद जब उन्हें शंका हुई तो उन्होंने जांच की, तब पता चला कि उनके हाथ में जो एटीएम है वह किसी नारायण यादव के नाम का है। श्रीप्रकाश के मुताबिक कुछ समय बाद चोर ने किसी अन्य स्थान पर जाकर खाते से 40 हजार रुपए निकाले। इसके बाद चोर छतरपुर की दुर्गा ज्वैलर्स शॉप पर पहुंचा जहां उसके द्वारा 75 हजार रुपए का भुगतान किया गया। श्रीप्रकाश ने स्वयं के स्तर पर पड़ताल करते हुए एक मोबाइल नंबर और दुर्गा ज्वैलर्स और सटई रोड स्थित एटीएम के सीसीटीवी एकत्रित किए। प्राप्त मोबाइल नंबर लगातार बंद जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर उक्त सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर पुलिस को दिया है। श्रीप्रकाश चतुर्वेदी ने चोर को जल्द से जल्द पकडऩे की मांग की है।



